प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने लिए दो अहम फैसले, केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को दी मंजूरी की और भारत के चांद पर पहुंचने के लक्ष्य में तीसरे लांच पैड को दी मंजूरी।

- सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन आज से झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर, आकांक्षी जिला पश्चिमी सिंहभूम के विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा।

- भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने राजस्व संग्रहण के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश, गोड्डा में श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने योजनाओं का किया शिलान्यास।

- झारखंड में अपराधों की रोकथाम में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, साइबर ठगी, ब्राउन शुगर कारोबार, और लापता बहनों के मामले में हुईं दस गिरफ्तारियां

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल राष्ट्रीय खेल पुरस्कार करेंगी प्रदान, राज्य की हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे होंगी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित।

- रांची में खेली जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना ओडिशा वारियर्स से।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिस में दो अहम फैसले लिये गये। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है।

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आगे बताया कि मंत्रिमंडल ने स्पेस सेक्टर को लेकर बडा फैसला लेते हुए 3 हजार नौ सौ 85 करोड की लागत से तीसरे लॉन्च पैड को मंजूरी दी।

******************

आज भारत स्टार्टअप इंडिया की नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है।

इधर, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने राज्य सरकार पर स्टार्टअप इंडिया को लेकर उदासीन रवैया बरतने का आरोप लगाया है। चैंबर अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि 2023 की नई स्टार्टअप पॉलिसी अब तक लागू नहीं हुई, जिससे उद्यमियों को अन्य राज्यों का रुख करना पड़ रहा है और स्टार्टअप एसओपी की कमी के कारण राज्य के उद्योगों और युवाओं को नुकसान हो रहा है।

******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर चाईबासा में हैं। आज रांची पहुंचने के बाद वे पश्चिमी सिंहभूम के लिए रवाना हुए। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत वे पश्चिमी सिंहभूम जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे के दूसरे दिन यानी कल डॉ. मुरुगन जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान– आईटीआई और केज फिशरीज–करंजिया का दौरा करेंगे। इसके बाद वे भारतीय इस्पात प्राधिकरण, सेल खदान का भी निरीक्षण करेंगे। दौरे के आखिरी दिन वे विभाग प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

******************

राजधानी रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और हटिया विधायक नवीन जायसवाल

शामिल हुए। बाबूलाल मरांडी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल से परीक्षा का तनाव कम होता है।

******************

इधर बोकारो में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कांग्रेस की संविधान सम्मान यात्रा से घबराकर संविधान गौरव यात्रा निकाल रहे हैं।

******************

भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने राजस्व संग्रहण में सुधार के लिए वर्चुअल बैठक में महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब आमजन बार कोड के माध्यम से मोबाइल से अपनी जमीन की रसीद कटवा सकेंगे, जिससे कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालयों के चक्कर से निजात मिलेगी।

******************

गोड्डा विधायक और श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने नगर परिषद क्षेत्र में 5 करोड़ 37 लाख की योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मजदूरों का निबंधन कर उनके परिवारों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने गोड्डा के विकास और मजदूरों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

******************

झारखंड में अपराधों की रोकथाम में पुलिस को बड़ी सफलताएँ मिली हैं। धनबाद साइबर पुलिस ने प्रतिबिंब ऐप की मदद से कैलाश दास नाम के फ्रॉड को पकड़ा, जो संदिग्ध लिंक भेजकर ठगी करता था।

इधर हजारीबाग पुलिस ने दो सगे भाइयों को सात ग्राम ब्राउन शुगर और छोटे वेईंग मशीन के साथ गिरफ्तार किया।

उधर राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी से लापता दो बहनों को रांची पुलिस ने कर्नाटक पुलिस के सहयोग से बरामद कर लिया है। दोनों लड़कियां और पांच युवक कर्नाटक से पकड़े गए और हवाई मार्ग से रांची लाए गए।

******************

देवघर के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए औषधि केंद्र की शुरुआत की गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे सवांददाता –

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी। इस अवसर पर राज्य की हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

******************

रांची में खेली जा रहे महिला हॉकी इंडिया लीग में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना ओडिशा वारियर्स से हो रहा है। आज का मैच शाम छह बजे शुरू हुआ और दर्शकों को दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

*******समाप्त*******